# *भारी उद्योग और सरकारी उद्यम मंत्रालय*

## मांग संख्या 51

### भारी उद्योग विभाग

क. वसूलियॉं और प्राप्तियॉं को घटाने के बाद बजट आबंटन इस प्रकार है:

*(करोड़ रुपए)*

| | मुख्य शीर्ष | वास्तविक 2012-2013 | | | बजट 2013-2014 | | | संशोधित 2013-2014 | | | बजट 2014-2015 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ |
| | राजस्व | 344.03 | 23.29 | 367.32 | 417.44 | 43.97 | 461.41 | 8.90 | 212.51 | 221.41 | 628.94 | 43.62 | 672.56 |
| | ***पूंजी*** | ***60.00*** | *334.88* | *394.88* | *167.56* | *400.00* | *567.56* | *496.02* | *537.49* | *1033.51* | *171.06* | *400.00* | *571.06* |
| | **जोड़** | **404.03** | **358.17** | **762.20** | **585.00** | **443.97** | **1028.97** | **504.92** | **750.00** | **1254.92** | **800.00** | **443.62** | **1243.62** |
| 1. सचिवालय-आर्थिक सेवाएं | 3451 | 2.09 | 14.52 | 16.61 | 3.50 | 16.96 | 20.46 | 1.90 | 16.08 | 17.98 | 5.00 | 17.61 | 22.61 |
| **उद्योग** | | | | | | | | | | | | | |
| 2. पूर्वोत्तर क्षेत्र और सिक्किम के लाभर्थ परियोजनाओं/स्कीमों के लिए एक मुश्त प्रावधान (एचपीसी/एनपीसीसी/सीसीआई/एवाईसीएल/ सीपीएम) | 2552 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 70.00 | ... | 70.00 |
| 3. (पूर्ववर्ती ऑटोमोटिव उद्योग के अनुसंधान और विकास के नाम से जाने जाने वाले) ऑटोमोबाइल और एलाइड उद्योगों हेतु विकास परिषद को अनुदान | 2852 | ... | 8.25 | 8.25 | ... | 24.00 | 24.00 | ... | 12.00 | 12.00 | ... | 24.00 | 24.00 |
| 4. राष्ट्रीय आटोमेटिव परीक्षण एवं आरएंडडी अवसंरचना परियोजना | 2852 | 341.94 | ... | 341.94 | 341.94 | ... | 341.94 | ... | ... | ... | 426.93 | ... | 426.93 |
| 5. ऑटोमोटिव क्षेत्र - परीक्षण अवसंरचना और वैद्युत वाहनों के लिए आरएंडडी परियोजनाओं की स्कीम | 2852 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 0.01 | ... | 0.01 |
| 6. हिन्दुस्तान साल्ट लिमिटेड को अनुदान | 2852 | ... | 1.59 | 1.59 | ... | 2.00 | 2.00 | ... | 1.92 | 1.92 | ... | 2.00 | 2.00 |
| 7. हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन लिमिटेड को अनुदान | 2852 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 182.43 | 182.43 | ... | ... | ... |
| 8. पूर्ववर्ती कैपिटल गुड्स क्षेत्र के आधुनिकीकरण के नाम से जाने जाने वाले कैपिटल गुड्स उद्योग में प्रतिस्पर्धात्मकता के विस्तार की योजना | 2852 | ... | ... | ... | 70.00 | ... | 70.00 | 5.00 | ... | 5.00 | 25.00 | ... | 25.00 |
| 9. आरएंडी परियोजनाएं - ताप विद्युत संयंत्रों के लिए उन्नत अल्ट्रासुपर - क्रिटीकल (एडीबी-यूएससी) प्रौद्योगिकी का विकास | 2852 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 100.00 | ... | 100.00 |
| 10. अन्य व्यय | 2852 | ... | ... | ... | 2.00 | 1.01 | 3.01 | 2.00 | 0.08 | 2.08 | 2.00 | 0.01 | 2.01 |
| **जोड़-उद्योग** | | **341.94** | **9.84** | **351.78** | **413.94** | **27.01** | **440.95** | **7.00** | **196.43** | **203.43** | **623.94** | **26.01** | **649.95** |

(करोड़ रुपए)

| | मुख्य शीर्ष | वास्तविक 2012-2013 | | | बजट 2013-2014 | | | संशोधित 2013-2014 | | | बजट 2014-2015 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ |
| 11. पूर्वोत्तर क्षेत्र और सिक्किम के लाभर्थ परियोजनाओं/स्कीमों के लिए एक मुश्त प्रावधान(एचपीसी/एनपीसीसी/सीसीआई/एवाई सीएल/सीपीएम) | 4552 | ... | ... | ... | 58.50 | ... | 58.50 | 158.50 | ... | 158.50 | 25.00 | ... | 25.00 |
| *12. सरकारी क्षेत्र के उद्यमों को आयोजना भिन्न ऋण* | | | | | | | | | | | | | |
| 12.01 स्वैच्छिक सेवानिवृति और पृथक्करण स्कीम तथा सांविधिक देयों हेतु एकमुश्त प्रावधान | 6858 | ... | ... | ... | ... | 250.00 | 250.00 | ... | 35.54 | 35.54 | ... | 250.00 | 250.00 |
| 12.02 लोक उद्यमों के लिए पुनरूज्जीवन योजना हेतु एकमुश्त प्रावधान | 6854 | ... | ... | ... | ... | 150.00 | 150.00 | ... | 145.38 | 145.38 | ... | 150.00 | 150.00 |
| 12.03 इंजीनियरिंग उद्योग | | | | | | | | | | | | | |
| 12.03.01 भारत भारी उद्योग निगम लिमिटेड | 6858 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 12.03.02 ब्रेथवेट बर्न जेसोप कंस्ट्रक्शन कंपनी लि. (बीबीजे) | 6858 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 12.03.03 एचएमटी लिमिटेड | 6858 | ... | 172.33 | 172.33 | ... | ... | ... | ... | 43.13 | 43.13 | ... | ... | ... |
| 12.03.04 हिन्दुस्तान केबल्स लिमिटेड | 6858 | ... | 118.93 | 118.93 | ... | ... | ... | ... | 52.89 | 52.89 | ... | ... | ... |
| 12.03.05 स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड | 6858 | ... | 1.89 | 1.89 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 12.03.06 त्रिवेणी स्ट्रक्चरल लिमिटेड | 6858 | ... | 3.44 | 3.44 | ... | ... | ... | ... | 1.68 | 1.68 | ... | ... | ... |
| 12.03.07 तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्ट्स लिमिटेड | 6858 | ... | 2.62 | 2.62 | ... | ... | ... | ... | 1.26 | 1.26 | ... | ... | ... |
| *जोड़- इंजीनियरिंग उद्योग* | | ... | *299.21* | *299.21* | ... | ... | ... | ... | *98.96* | *98.96* | ... | ... | ... |
| 12.04 उपभोक्ता उद्योग | | | | | | | | | | | | | |
| 12.04.01 नेपा लिमिटेड | 6860 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 21.33 | 21.33 | ... | ... | ... |
| 12.04.02 हिन्दुस्तान फोटो फिल्म लिमिटेड | 6860 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 156.50 | 156.50 | ... | ... | ... |
| 12.04.03 हिन्दुस्तान पेपर कारपोरेशन लिमिटेड | 6860 | ... | 8.24 | 8.24 | ... | ... | ... | ... | 79.78 | 79.78 | ... | ... | ... |
| *जोड़- उपभोक्ता उद्योग* | | ... | *8.24* | *8.24* | ... | ... | ... | ... | *257.61* | *257.61* | ... | ... | ... |
| *जोड़- सरकारी क्षेत्र के उद्यमों को आयोजना भिन्न ऋण* | | ... | *307.45* | *307.45* | ... | *400.00* | *400.00* | ... | *537.49* | *537.49* | ... | *400.00* | *400.00* |
| *13. ब्याज माफी* | | | | | | | | | | | | | |
| 13.01 एचएमटी लिमिटेड | 2852 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 201.88 | 201.88 | ... | ... | ... |
| 13.02 एंड्रू यूल एंड कंपनी लिमिटेड | 2852 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 38.99 | 38.99 | ... | ... | ... |
| 13.03 स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड | 2852 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 26.37 | 26.37 | ... | ... | ... |
| 13.04 घटाए - निवल प्राप्तियां | 0049 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | -267.24 | -267.24 | ... | ... | ... |
| | *कुल* | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| *14. गारंटी फीस माफ करना* | | | | | | | | | | | | | |
| 14.01 हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन | 2852 | ... | 5.06 | 5.06 | ... | ... | ... | ... | 2.53 | 2.53 | ... | ... | ... |

(करोड़ रुपए)

| | मुख्य शीर्ष | वास्तविक 2012-2013 | | | बजट 2013-2014 | | | संशोधित 2013-2014 | | | बजट 2014-2015 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ |
| 14.02 एंड्रू यूल एंड कंपनी लिमिटेड | 2852 | ... | 0.64 | 0.64 | ... | ... | ... | ... | 0.64 | 0.64 | ... | ... | ... |
| 14.03 एचएमटी लिमिटेड | 2852 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 3.76 | 3.76 | ... | ... | ... |
| 14.04 घटाए - निवल प्राप्तियां | 0075 | ... | -5.70 | -5.70 | ... | ... | ... | ... | -6.93 | -6.93 | ... | ... | ... |
| | *कुल* | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| *15. इक्विटी कम करना* | | | | | | | | | | | | | |
| 15.01 एंड्रू यूल एंड कंपनी लिमिटेड | 2852 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 12.95 | 12.95 | ... | ... | ... |
| 15.02 घटाए - निवल प्राप्तियां | 0852 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | -12.95 | -12.95 | ... | ... | ... |
| | *कुल* | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 16. सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में निवेश | 4854 | ... | ... | ... | 0.01 | ... | 0.01 | 0.01 | ... | 0.01 | ... | ... | ... |
| | 4858 | ... | ... | ... | 31.92 | ... | 31.92 | 248.92 | ... | 248.92 | 31.06 | ... | 31.06 |
| | 4860 | 60.00 | ... | 60.00 | 1.51 | ... | 1.51 | 1.52 | ... | 1.52 | 110.00 | ... | 110.00 |
| | 6858 | ... | ... | ... | 20.09 | ... | 20.09 | 31.55 | ... | 31.55 | ... | ... | ... |
| | 6860 | ... | 27.43 | 27.43 | 55.53 | ... | 55.53 | 55.52 | ... | 55.52 | 5.00 | ... | 5.00 |
| | *जोड़* | *60.00* | *27.43* | *87.43* | *109.06* | ... | *109.06* | *337.52* | ... | *337.52* | *146.06* | ... | *146.06* |
| 17. वास्तविक वसूलियां | 2852 | ... | -1.07 | -1.07 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| ***कुल जोड़*** | | ***404.03*** | ***358.17*** | ***762.20*** | ***585.00*** | ***443.97*** | ***1028.97*** | ***504.92*** | ***750.00*** | ***1254.92*** | ***800.00*** | ***443.62*** | ***1243.62*** |

| | विकास शीर्ष | बजट सहायता | आं. ब. बा. सं. | जोड़ | बजट सहायता | आं. ब. बा. सं. | जोड़ | बजट सहायता | आं. ब. बा. सं. | जोड़ | बजट सहायता | आं. ब. बा. सं. | जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **ख. सार्वजनिक उद्यम में निवेश** | | | | | | | | | | | | | |
| *इंजीनियरिंग उद्योग* | | | | | | | | | | | | | |
| 1. भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड | 12858 | ... | 764.00 | 764.00 | ... | 1375.00 | 1375.00 | ... | 852.00 | 852.00 | ... | 980.00 | 980.00 |
| 2. एचएमटी लिमिटेड | 12858 | ... | ... | ... | 0.03 | ... | 0.03 | 228.49 | ... | 228.49 | ... | ... | ... |
| 3. हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन लिमिटेड | 12858 | ... | 10.99 | 10.99 | 0.01 | 146.20 | 146.21 | 0.01 | 3.00 | 3.01 | ... | 7.00 | 7.00 |
| 4. स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड | 12858 | ... | ... | ... | 51.90 | ... | 51.90 | 51.90 | ... | 51.90 | 31.06 | ... | 31.06 |
| 5. हिन्दुस्तान केबल्स लिमिटेड | 12858 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 6. इंस्ट्रूमेंनटेशन लिमिटेड, कोटा | 12858 | ... | ... | ... | 0.01 | ... | 0.01 | 0.01 | ... | 0.01 | ... | ... | ... |
| 7. एंड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड | 12858 | ... | 5.94 | 5.94 | ... | 43.00 | 43.00 | ... | 3.02 | 3.02 | ... | 11.69 | 11.69 |
| 8. भारत यंत्र निगम लिमिटेड | 12858 | ... | 30.63 | 30.63 | 0.02 | 28.00 | 28.02 | 0.02 | 10.00 | 10.02 | ... | ... | ... |
| 9. भारत भारी उद्योग निगम लिमिटेड | 12858 | ... | 7.45 | 7.45 | 0.04 | ... | 0.04 | 0.04 | 17.06 | 17.10 | ... | 3.67 | 3.67 |
| 10. इंजीनियरिग प्रोजेक्ट (इंडिया) लिमिटेड | 12858 | ... | 1.91 | 1.91 | ... | 8.30 | 8.30 | ... | 23.09 | 23.09 | ... | 18.00 | 18.00 |
| 11. इंस्ट्रूमेंनटेशन लिमिटेड | 12858 | ... | 2.50 | 2.50 | ... | 3.00 | 3.00 | ... | 3.00 | 3.00 | ... | 5.00 | 5.00 |

| | विकास शीर्ष | बजट सहायता | आं. ब. बा. सं. | जोड़ | बजट सहायता | आं. ब. बा. सं. | जोड़ | बजट सहायता | आं. ब. बा. सं. | जोड़ | बजट सहायता | आं. ब. बा. सं. | जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कोटा/राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड | | | | | | | | | | | | | |
| 12. नेशनल ऑटोमोटिव टैस्टिंग आरएंडडी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट | 12858 | ... | 11.00 | 11.00 | ... | 12.49 | 12.49 | ... | ... | ... | ... | 5.49 | 5.49 |
| 13. फल्यूड कंट्रोल रिसर्च इंस्टीट्यूट | 12858 | ... | 0.50 | 0.50 | ... | 0.80 | 0.80 | ... | 0.80 | 0.80 | ... | 0.94 | 0.94 |
| 14. ब्रिज एंड रूफ कंपनी लि. | 12858 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 20.00 | 20.00 |
| 15. भारत पम्पस एंड कंप्रेशर लि. | 12858 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 16. रिचर्डसन एंड क्रूड्स लि. | 12858 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 17. त्रिवेणी स्ट्रक्चरल लिमिटेड | 12858 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 18. तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्ट लि. | 12858 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 19. ब्रेटवेयर बर्न जेसोप कंस्ट्रक्शन कंपनी लि. | 12858 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 24.74 | 24.74 |
| **जोड़-इंजीनियरिंग उद्योग** | | **...** | **834.92** | **834.92** | **52.01** | **1616.79** | **1668.80** | **280.47** | **911.97** | **1192.44** | **31.06** | **1076.53** | **1107.59** |
| *उपभोक्ता उद्योग* | | | | | | | | | | | | | |
| 20. हिन्दुस्तान पेपर कारपोरेशन लिमिटेड | 12860 | ... | 0.09 | 0.09 | 0.02 | ... | 0.02 | 0.02 | ... | 0.02 | ... | ... | ... |
| 21. हिन्दुस्तान न्यूजप्रिंट्स लिमिटेड | 12860 | ... | 6.66 | 6.66 | 0.01 | ... | 0.01 | 0.01 | 22.01 | 22.02 | ... | 88.82 | 88.82 |
| 22. नेपा लिमिटेड | 12860 | ... | ... | ... | 54.00 | 64.00 | 118.00 | 54.00 | 44.00 | 98.00 | 50.00 | 44.00 | 94.00 |
| 23. हिन्दुस्तान साल्ट्स लिमिटेड | 12860 | ... | ... | ... | 3.00 | ... | 3.00 | 3.00 | ... | 3.00 | 10.00 | ... | 10.00 |
| 24. हिन्दुस्तान फोटो फिल्म्स मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड | 12860 | ... | ... | ... | 0.01 | ... | 0.01 | 0.01 | ... | 0.01 | ... | ... | ... |
| 25. टायर कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड | 12860 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 26. नागालैंड पल्प एंड पेपर कारपोरेशन | 12860 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 47.00 | 47.00 |
| 27. जगदीशपुर यूपी पेपर मील | 12860 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 55.00 | 458.00 | 513.00 |
| **जोड़-उपभोक्ता उद्योग** | | **...** | **6.75** | **6.75** | **57.04** | **64.00** | **121.04** | **57.04** | **66.01** | **123.05** | **115.00** | **637.82** | **752.82** |
| *सीमेंट और अधात्विक खनिज उद्योग* | | | | | | | | | | | | | |
| 28. सीमेंट कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड | 12854 | ... | 7.06 | 7.06 | 0.01 | 113.29 | 113.30 | 0.01 | 113.29 | 113.30 | ... | 74.50 | 74.50 |
| 29. सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में वर्धन, संशोधन एवं प्रतिस्थापन | 12854 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| **जोड़-सीमेंट और अधात्विक खनिज उद्योग** | | **...** | **7.06** | **7.06** | **0.01** | **113.29** | **113.30** | **0.01** | **113.29** | **113.30** | **...** | **74.50** | **74.50** |
| **जोड़** | | **...** | **848.73** | **848.73** | **109.06** | **1794.08** | **1903.14** | **337.52** | **1091.27** | **1428.79** | **146.06** | **1788.85** | **1934.91** |
| **ग. योजना परिव्यय** | | | | | | | | | | | | | |
| 1. इंजीनियरी उद्योग | 12858 | 344.03 | 834.92 | 1178.95 | 469.45 | 1616.79 | 2086.24 | 289.37 | 911.97 | 1201.34 | 590.00 | 1076.53 | 1666.53 |
| 2. उपभोक्ता उद्योग | 12860 | 60.00 | 6.75 | 66.75 | 57.04 | 64.00 | 121.04 | 57.04 | 66.01 | 123.05 | 115.00 | 637.82 | 752.82 |
| 3. सीमेंट और अधात्विक खनन उद्योग | 12854 | ... | 7.06 | 7.06 | 0.01 | 113.29 | 113.30 | 0.01 | 113.29 | 113.30 | ... | 74.50 | 74.50 |

| | विकास शीर्ष | बजट सहायता | आं. ब. बा. सं. | जोड़ | बजट सहायता | आं. ब. बा. सं. | जोड़ | बजट सहायता | आं. ब. बा. सं. | जोड़ | बजट सहायता | आं. ब. बा. सं. | जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4. पूर्वोत्तर क्षेत्र | 22552 | ... | ... | ... | 58.50 | ... | 58.50 | 158.50 | ... | 158.50 | 95.00 | ... | 95.00 |
| **जोड़** | | **404.03** | **848.73** | **1252.76** | **585.00** | **1794.08** | **2379.08** | **504.92** | **1091.27** | **1596.19** | **800.00** | **1788.85** | **2588.85** |

1. **सचिवालय:** इसमें भारी उद्योग विभाग के सचिवालय व्यय के लिए व्यवस्था है।

2. **पूर्वोत्तर क्षेत्र और सिक्किम के लिए एकमुश्त प्रावधान:** पूर्वोत्तर क्षेत्र और सिक्किम के लाभार्थ परियोजनाओं/स्कीमों के लिए प्रावधान किया गया है

3. **डेवलपमंट काउंसिल फोर ऑटोमोबाइल एण्ड एलाइड इंडस्ट्री को अनुदान::** इलेक्ट्रिक मोबिलिटी परियोजना को पूरा करने तथा अनुसंधान संस्थानों अर्थात एआरएआई, पुणे, वीआरडीई, अहमदनगर और सीआईआरटी, पुणे और देश में अन्य अनुसंधान और विकास संस्थानों पर बदलते सुरक्षा और उत्सर्जन मानकों के अनुसार वाहनों के परीक्षण के लिए सुविधाएं स्थापित करने के संबंध में नई और चालू अनुसंधान और विकास परियोजनाओं के लिए डेवलपमेंट काउंसिल फोर ऑटोमोबाइल एण्ड एलाइड इंडस्ट्री को अनुदान के रूप में प्रावधान रखा गया है।

4. **नेशनल ऑटोमोटिव परीक्षण तथा अनुसंधान और विकास अवसंरचना परियोजना (नैट्रिप):** नैट्रिप परियोजना भारत सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है जिसका उद्देश्य ऑटो क्षेत्र के लिए अनिवार्य ऑटोमोटिव परीक्षण, वैधीकरण और अनुसंधान तथा विकास संबंधित बुनियादी सुविधाओं का सृजन करना है। नैट्रिप का उद्देश्य राष्ट्रीय ऑटोमोटिव सुरक्षा और उत्सर्जन रोडमैप की उभरती आवश्यकताओं के अनुरूप विश्वस्तरीय ऑटोमोटिव परीक्षण, वैधीकरण और अनुसंधान तथा विकास तथा होमोलोगेशन सुविधाओं का सृजन करना है। इन्हें उत्तरी, पश्चिमी तथा दक्षिणी भारत के तीन प्रमुख केन्द्रों में सृजित किया जाना हैं। भारत सरकार के पास इस परियोजना का अधिकांश शेयर है तथा सभी परियोजना आयातों पर सीमा शुल्क में पूर्ण छूट भी दी गई है। राज्य सरकार ने रियायत दरों पर भूमि दी है। इससे विश्व ऑटोमोटिव क्षितिज के साथ भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग के पूर्ण एकीकरण को आसान बनाने के लिए कोर वैश्विक क्षमता का सृजन करने का परियोजना का उद्देश्य पूरा होगा। विभिन्न चालू परियोजनाओं में उपकरणों के इंस्टालेशन और कमिशनिंग के लिए नैट्रिप को अनुदान के रूप में एक प्रावधान किया गया है।

5. **ऑटोमोटिव क्षेत्र में स्कीम- परीक्षण अवसंरचना:** ऑटोमोटिव क्षेत्र में एक नई स्कीम - विद्युत वाहनों के लिए अवसंरचना व आरएंडडी परीक्षण के लिए परियोजनाएं शुरू की गई है।

6. **हिन्दुस्तान साल्ट्स लिमिटेड (एचएसएल):** हिन्दुस्तान साल्ट्स लि0 को पूर्ववर्ती नमक विभाग द्वारा संचालित सांभर, डिडवाना और खाराघोडा के नमक स्रोतों को अधिग्रहण करने हेतु भारत सरकार द्वारा पूर्ण नियंत्रित कंपनी के रूप में दिनांक 12.04.1958 को निगमित किया गया। एचएसएल के पूर्व कर्मचारियों की वेतन देयताओं को पूरा करने के लिए एक प्रावधान किया गया है।

8. **केपिटल गुड्स सेक्टर में प्रतिस्पर्धात्मकता के विस्तार के लिए योजना:** देश में औद्योगिक आधार को विकसित करने के लिए विभाग की बडी स्थायी वचनबद्धता के भाग के रूप में सरकार से प्रारंभिक बजटीय सहायता से भारतीय केपिटल गुड्स सेक्टर में प्रतिस्पर्धात्मकता के विस्तार के लिए एक योजना तैयार की गई है और अंतिम रूप दिए जाने के लिए इस पर विचार किया जा रहा है। इस योजना का उददेश्य आधुनिक सामान्य सुविधा केन्द्र और सेक्टर विशिष्ट औद्योगिक कलस्टर पार्क की स्थापना करना तथा उद्योगों के लिए कौशल और प्रौद्योगिकी सहयोग देना है। इस योजना के वित्तपोषण के लिए एक प्रावधान किया गया है।

9. **आरएंडडी परियोजनाएं-एडवांस अल्ट्रासुपर क्रीटिकल का विकास:** 'विद्युत ऊर्जा संयंत्र के लिए अल्ट्रा एडवांस सुपर क्रीटिकल (एडवांस-यूएससी) तकनीकी का विकास' आर एंड डी परियोजनाओं के निष्पादन के लिए एक नई स्कीम आरंभ की गई है। इस स्कीम का उद्देश्य तापीय ऊर्जा संयंत्र की क्षमता में सुधार, कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी लाना, कोयले की खपत में कमी लाने के साथ-साथ विकसित प्रौद्योगिकी के आधार पर प्रमाणन ऊर्जा संयंत्रों स्थापित करने के लिए (एडवांस-यूएससी) तकनीकी के सभी पहलुओं और आरएंडडी का प्रयोग में लाना है।

10. **अन्य व्यय:** फ्ल्यूड कंट्रोल रिसर्च इंस्टीटयूट (एससीआरआई) और कोयला गैसीकरण परियोजनाओं तथा उन्नयन गतिविधियों के लिए उद्योग संघों और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए एक प्रावधान किया गया है। एफसीआरआई की स्थापना फ्लो मेजरिंग और नियंत्रक डिवाइसों के साथ संबंधित गतिविधियों तथा भारत और दक्षिण-पूर्वी एशिया के लिए प्रौद्योगिकी विकास और फ्लो उत्पादों के लिए मौलिक फ्रेमवर्क देने के लिए यूएनडीपी परियोजना के रूप में 1987 में की गई थी।

12.01. **निवृत्ति और पृथक्करण योजना तथा सांविधिक देयताओं के भुगतान के लिए एकमुश्त प्रावधान:** सार्वजनिक क्षेत्र के हानि में चल रहे उद्यमों को उनके संसाधनों में कमी को आंशिक रूप से पूरा करने के लिए गैर योजना ऋण के लिए प्रावधान किया गया है। इसमें सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के कर्मचारियों के लिए वीआरएस/वीएसएस के कार्यान्वियन और सांविधिक देयताओं के भुगतान के लिए 250 करोड रुपए का एकमुश्त प्रावधान शामिल है।

12.02. **सरकारी क्षेत्र के उद्यमों के पुनरुद्धार/पुनर्गठन के लिए एकमुश्त प्रावधान::** सार्वजनिक क्षेत्र के हानि में चल रहे उद्यमों के पुनरुद्धार/पुनर्गठन योजना पर व्यय को पूरा करने के लिए 150 करोड रुपए का एकमुश्त प्रावधान है। यह प्रावधान निधि की आवश्यकता और सरकारी अनुमोदन के आधार पर विभाग के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य उद्यमों के लिए भी है।

16. **सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में निवेश:** सार्वजनिक क्षेत्र के निम्नलिखित उद्यमों में निवेश है :-

(i) स्कूटर्स इण्डिया लि0 (एसआईएल): स्कूटर्स इण्डिया लि0 (एसआईएल), लखनऊ, उत्तर प्रदेश को सार्वजनिक क्षेत्र के एक उद्यम के रूप में सन् 1972 में निगमित किया गया था और यह तिपहिया वाहनों, उसके कलपुर्जों और इंजीनियरी वस्तुओं का निर्माण कर रही है। एसआईएल को 2010 में रुग्ण घोषित कर दिया गया था और यह बीआईएफआर के कार्यक्षेत्र में आ गई।

(ii) नेपा लि0: मध्य प्रदेश में अवस्थित नेपा लिमिटेड प्रारंभ में 1947 में निजी क्षेत्र में स्थापित की गई थी। बाद में, केन्द्र सरकार ने ऋणों को इक्विटी में परिवर्तन करके 1959 में कंपनी पर  नियंत्रण हासिल कर लिया और यह केन्द्राय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम बन गया। यह वन आधारित कच्चे माल के साथ इसकी उत्पादन क्षमता 88,000 टन प्रति वर्ष न्यूजप्रिंट है।

(iii) एचपीसी/एनपीपीसी: नगालैण्ड पल्प एण्ड पेपर कंपनी लिमिटेड  नगालैण्ड सरकार और हिन्दुस्तान पेपर कार्पोरेशन लिमिटेड के बीच एक संयुक्त उद्यम कंपनी है। इसमें एचपीसी की 94.78% और नगालैण्ड सरकार की शेष 5.22% शेयर धारिता है।

(iv) जगदीशपुर पेपर मिल लिमिटेड (जेपीएमएल):  सीसीईए ने 2472 करोड रुपए (लगातार लागत आधार) और  3241 करोड रुपए (पूर्णता लागत आधार) की अनुमानित लागत पर जगदीशपुर, उत्तर प्रदेश में पेपर मिल परियोजना स्थापित करने का अनुमोदन किया था।